दुर्घटना | एनएच-78 कोतमा के पास फिर हुआ हादसा

# अज्ञात वाहन ने दो को कुचला, मौके पर मौत




**कोतमा, नवभारत 26 मार्च।** नेशनल हाईवे 78 पर सड़क हादसों का खूनी सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कोतमा थाना अंतर्गत बसखली तिराहे के पास गुरुवार तड़के एक भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। तेज रफ्तार अज्ञात चार पहिया वाहन (संभावित पिकअप) ने बाइक सवार दो युवकों को अपनी चपेट में ले लिया और मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार, मृतक अभिषेक पांडे (27 वर्ष) निवासी रामपुर नैकिन, सीधी और बृजराज तिवारी (25 वर्ष) निवासी शिवराजपुर, सतना, शहडोल की एक निजी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। गुरुवार तड़के करीब 3:30 बजे दोनों अपनी प्लेटिना बाइक से मनेंद्रगढ़ से लौट रहे थे। इसी दौरान बसखली तिराहे के पास विपरीत दिशा से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना को अंजाम देने के बाद चालक वाहन लेकर फरार हो गया।

### पुलिस की कार्रवाई

सूचना मिलते ही कोतमा पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

पुलिस हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों और घटनास्थल के आसपास के फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपी वाहन और चालक की पहचान की जा सके।

### पिकअप की आशंका

प्रारंभिक सूत्रों और घटनास्थल के साक्ष्यों के अनुसार, किसी तेज रफ्तार पिकअप वाहन द्वारा लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने से यह हादसा होने की आशंका जताई जा रही है।

### 5 दिन में दूसरा बड़ा हादसा

हाईवे 78 पर सुरक्षा इंतजामों को लेकर अब सवाल उठने लगे हैं। महज 5 दिन पहले ही इसी हाईवे पर ट्रैक्टर और कार की भिड़ंत में एक महिला और चालक की मौत हो गई थी। उस मामले की जांच अभी पूरी भी नहीं हुई थी कि इस दोहरे हत्याकांड जैसी सड़क दुर्घटना ने इलाके में दहशत फैला दी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से हाईवे पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित करने और रात के समय गश्त बढ़ाने की मांग की है ताकि इन बेलगाम वाहनों की रफ्तार पर अंकुश लगाया जा सके।



# जुआ पर पुलिस की कार्रवाई, 6 आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** जिले में जुआरियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतमा पुलिस ने ग्राम पचखुरा के जंगल में दबिश देकर जुआ खेलते हुए 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से नगदी सहित कुल 1,11,490 का मशरूका और ताश के पत्ते बरामद किए हैं।जानकारी के अनुसार 25 मार्च को थाना प्रभारी कोतमा रत्नांबर शुक्लाप को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम पचखुरा के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों के माध्यम से रुपये-पैसों का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, लेकिन टीम ने घेराबंदी कर सभी को मौके पर ही पकड़ लिया। कार्रवाई में थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला के साथ प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव, ज्ञानेंद्र पासी, आरक्षक संजय द्विवेदी, राकेश सिंह, स्वदेश चौहान, जितेंद्र मंडलोई एवं चालक आरक्षक अनिल मरावी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

### आरोपियों के कब्जे से 26 हजार 990 रूपये नगद जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 26 हजार 990 नकद, 6 मोबाइल फोन, एक बाइक तथा 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं। गिरफ्तार आरोपियों में अभय राव पिता अंजनी प्रसाद राव 26 वर्ष, रामू शर्मा पिता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा उम्र 36 वर्ष, मनीष यादव पिता संतोष यादव उम्र 26, सरित श्रीवास्तव पिता रमाशंकर श्रीवास्त्व उम्र 30 वर्ष, अशोक प्रजापति पिता लखन प्रजापति उम्र 26 वर्ष सभी निवासी कोठी थाना बिजुरी तथा मोहम्मद शब्बीर पिता मोहम्म्द असगर उम्र 33 वर्ष निवासी लहसुई थाना कोतमा शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 13 एवं बीएनएस की धारा 49 के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# ग्रीष्म ऋतु में पेयजल आपूर्ति को प्राथमिकता देने के निर्देश



**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी ने ग्रीष्म ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। जिला पंचायत सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने संभावित जल संकट वाले क्षेत्रों में सतत निगरानी रखते हुए पेयजल की सुचारू उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। बैठक में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के इंजीनियर तथा पेयजल मॉनिटरिंग सेल के नोडल अधिकारी संदीप शुक्ला उपस्थित रहे। सीईओ ने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों के सरपंच और सचिव के साथ समन्वय बनाकर नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि मोटर पंप खराब होने की स्थिति में तत्काल मरम्मत की जाए तथा अन्य तकनीकी समस्याओं का भी शीघ्र निराकरण किया जाए।

समीक्षा के दौरान उन्होंने चारों जनपद क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में पेयजल उपलब्धता की स्थिति का विस्तृत आकलन किया। निर्माण कार्यों के कारण नल-जल योजना की पाइपलाइन प्रभावित होने की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर इस सप्ताह के भीतर हल करने के निर्देश दिए गए।

इसके अलावा, सीईओ ने ग्राम पंचायतों को नल-जल योजना के लंबित बिलों का शीघ्र भुगतान सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि योजना से जुड़े सभी विद्युत देयकों का नियमित भुगतान किया जाए।

### आज संकल्प से समाधान जिला स्तरीय शिविर

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** भारत सरकार एवं राज्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाने के उद्देश्य से संकल्प से समाधान अभियान के तहत अनूपपुर जिले में 27 मार्च को जिला स्तरीय शिविर आयोजित किया जाएगा। यह शिविर कलेक्ट्रेट परिसर स्थित सोन सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा। कलेक्टर हर्षल पंचोली द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार शिविर में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहेंगे। इस दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर मौके पर ही निराकरण किया जाएगा, साथ ही आवेदन रजिस्टर में दर्ज लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर उन्हें शीघ्र निपटाने की कार्यवाही की जाएगी।

# अवैध रेत लदा ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, माफियाओं पर चला डंडा

**कोतमा, नवभारत 26 मार्च।** जिले में अवैध उत्खनन और खनिज चोरी के खिलाफ पुलिस अधीक्षक श्री मोती उर रहमान के सख्त निर्देशों के बाद कोतमा पुलिस ने एक बार फिर रेत माफियाओं पर शिकंजा कसा है। दिनांक 25 मार्च 2026 की दरमियानी रात पुलिस ने केवाई नदी के चंगेरी घाट से अवैध रेत का परिवहन करते हुए एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है।

### 5 लाख से अधिक का मशरूका जब्त

पुलिस ने मौके से बिना नंबर के ट्रैक्टर और रेत से लदी ट्रॉली को विधिवत जब्त किया है। सामग्री: लगभग 3 घन मीटर अवैध रेत,




अनुमानित कीमत: 5,05,000 (पाँच लाख पाँच हजार रुपये)।

### अज्ञात आरोपियों पर मामला दर्ज

पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक और वाहन स्वामी के विरुद्ध नए कानून के तहत धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं धारा 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम 1957 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया है। फिलहाल पुलिस ट्रैक्टर नंबर और इंजन नंबर के जरिए वाहन स्वामी और फरार चालक की तलाश में जुटी है।

### टीम की भूमिका

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल, प्रधान आरक्षक रामखेलावन यादव और आरक्षक अभय त्रिपाठी की विशेष और उल्लेखनीय भूमिका रही।

### अंधेरे का फायदा उठाकर भागा चालक

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि चंगेरी घाट (केवाई नदी) से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर उसे विक्रय हेतु ले जाया जा रहा है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुँची। पुलिस को आता देख मेसी फर्गुसन 1035 ट्रैक्टर का चालक शातिर तरीके से ट्रैक्टर-ट्रॉली को बीच रास्ते में छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाते हुए जंगल की ओर भाग निकला।

## एक नजर में



### कोयला का अवैध परिवहन करते आरोपी गिरफ्तार

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** भालूमाड़ा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध कोयला परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन में की गई। जानकारी के अनुसार 25 मार्च को रात्रि लगभग 10.14 बजे मुखबिर की सूचना पर भालूमाड़ा पुलिस टीम ने जमुना कॉलरी क्षेत्र में केंद्रीय विद्यालय के सामने घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। इस दौरान ऑटो क्रमांक एमपी 65 जेडबी 4543 को रोककर जांच की गई, जिसमें अवैध रूप से लोड किया गया करीब 7 क्विंटल कोयला बरामद हुआ। पुलिस ने मौके से ऑटो चालक दीपक दास चौधरी उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम परासी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से जब्त कोयले की अनुमानित कीमत 10 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।



### फरार वारंटी गिरफ्तार, पुलिस की कार्रवाई

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** थाना जैतहरी अंतर्गत पुलिस चौकी वेंकटनगर ने फरार वारंटी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। जानकारी के अनुसार कुटुंब न्यायालय अनूपपुर के प्रधान न्यायाधीश मनोज कुमार लाधिया द्वारा प्रकरण क्रमांक आर /79/22 में अनावेदक जितेंद्र सिंह गोंड उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम पौड़ी थाना जैतहरी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। पुलिस टीम ने सक्रियता दिखाते हुए 25 मार्च की रात्रि में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद उसे विधिवत न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी 7 अप्रैल से

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी 7 अप्रैल से शुरू होकर 12 मई तक की जाएगी। कलेक्टर हर्षल पंचोली ने किसानों की सुविधा के लिए जिले में कुल 6 गेहूं उपार्जन केंद्र निर्धारित किए हैं। निर्धारित दर के अनुसार किसानों से औसत अच्छी गुणवत्ता गेहूं कॉमन 2585 रुपये प्रति क्विंटल पर खरीदा जाएगा। यह खरीदी केवल पंजीकृत किसानों से ही की जाएगी। तहसील अनूपपुर में पटनाकला कृषि उपज मंडी अनूपपुर दुलहरा मां शारदा वेयरहाउस बरबसपुर और मझगवां शारदा फूड प्रोसेसिंग पयारी में उपार्जन किया जाएगा। वहीं तहसील जैतहरी के धनगवां सिंह वेयरहाउस छातापटपर, तहसील कोतमा के बिजुरी बतूल वेयरहाउस कोतमा तथा तहसील पुष्पराजगढ़ के राजेन्द्रग्राम एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम को भी उपार्जन केंद्र बनाया गया है। उपार्जन कार्य सप्ताह में सोमवार से शुक्रवार तक सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक किया जाएगा। किसानों को तौल पर्ची शाम 6 बजे तक जारी कर दी जाएगी।

स्कूल की बाउंड्री तोड़कर पानी टंकी निर्माण पर प्राचार्य ने दर्ज कराई आपत्ति

# नियमों को ताक पर रखकर पानी की टंकी बनाने का विवाद




**कोतमा , नवभारत 26 मार्च।** शासकीय माध्यमिक विद्यालय लहसुई के परिसर में नियमों को ताक पर रखकर पानी की टंकी बनाने का विवाद गहराता जा रहा है। विद्यालय की बाउंड्री वॉल तोड़कर किए जा रहे इस निर्माण को लेकर प्राचार्य ने ब्लॉक शिक्षा अधिकारी (क्रृश्न) को पत्र लिखकर गहरी नाराजगी जताई है।

### प्राचार्य का आरोप, 'बिना सूचना तोड़ी गई दीवार'

विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि उनकी अनुपस्थिति में और बिना किसी पूर्व सूचना के स्कूल की बाउंड्री वॉल को ढहा दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्कूल की 43 डेसिमल भूमि पर पहले स्वास्थ्य विभाग ने उप स्वास्थ्य केंद्र बनाया था। जर्जर होने के कारण जब नगरीय निकाय ने उसे तोड़ा, तो उम्मीद थी कि यह भूमि वापस स्कूल को मिलेगी, जिससे वहां नए भवन या आंगनबाड़ी का निर्माण हो सकेगा। लेकिन वहां पानी की टंकी बनाने के निर्णय ने विद्यालय परिवार को हताश कर दिया है।

### जनप्रतिनिधियों और शिक्षकों में आक्रोश

इस मामले पर स्थानीय स्तर पर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं सफीर मंसूरी कांग्रेस नेता ने टंकी निर्माण को पूर्णत: गलत बताते हुए कहा कि स्कूल परिसर में टंकी का निर्माण बच्चों के हित का पतन है। इसे तत्काल रोका जाना चाहिए।

अनिल द्विवेदी (शिक्षक): वर्ष 2005 से कार्यरत शिक्षक द्विवेदी ने बताया कि उक्त भूमि पर आंगनबाड़ी बनाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब पानी की टंकी बनाकर विद्यालय के साथ विश्वासघात किया जा रहा है।

### खतरे के साये में मासूमों का भविष्य

विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि स्कूल परिसर के भीतर पानी की टंकी बनने से बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा खतरा बना रहेगा। शिकायत के बावजूद ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य बंद करने के बजाय वहां टीन शेड लगाकर दीवार खड़ी कर दी गई है। इससे विद्यालय के बच्चों के आवागमन और बुनियादी सुविधाओं (लघुशंका आदि) का रास्ता भी पूरी तरह बाधित हो गया है।

### इनका कहना है

इस संबंध मे मुझे कोई जानकारी नहीं है , मैं ब्लॉक शिक्षा अधिकारी से बात करता हूँ।

**दशरथ सिंग**
**तहसीलदार कोतमा**

मुझे इस विषय मे जानकारी प्राप्त हुई थी, इस विषय की जानकारी पत्राचार द्वारा मैंने अनुविभागीय अधिकारी कोतमा को दी गई है

**आर के मिश्रा**
**ब्लॉक शिक्षा अधिकारी**
**कोतमा**




# नवांकुर संस्थाओं की समीक्षा बैठक

**अनूपपुर, नवभारत 26 मार्च।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद जिला अनूपपुर के तत्वावधान में कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला कार्यालय में संवाद योजना के अंतर्गत नवांकुर संस्थाओं की एक दिवसीय जिला स्तरीय मासिक समीक्षा बैठक सह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में जिले की विभिन्न नवांकुर संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं सीएम जन सेवा मित्र ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक में संभाग समन्वयक शहडोल भीम सिंह डामोर ने परिषद द्वारा संचालित अभियानों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने जल-गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन, सामाजिक सशक्तिकरण के अंतर्गत प्रस्फुटन प्रशिक्षण, संस्कार केंद्र, जन सूचना केंद्र तथा प्याऊ संचालन की प्रगति पर विशेष जोर दिया। साथ ही ग्रामोदय से अभ्युदय अभियान एवं सेक्टर स्तरीय बैठकों की नियमितता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थाओं से टीम भावना के साथ कार्य करते हुए शासन की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने का आव्हान किया। कार्यशाला के दौरान उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक दुर्गेश श्याम ने प्रतिभागियों को नर्सरी प्रबंधन की तकनीकी जानकारी प्रदान की। उन्होंने मिट्टी परीक्षण, बीज चयन, पॉलीथिन बैग के उपयोग, आधुनिक सिंचाई तकनीक एवं मौसमानुकूल पौध उत्पादन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया।

आस्था | मार्मिक प्रसंगों ने श्रद्धालुओं को किया भावविभोर

# श्रीराम कथा के सातवें दिन राम वनवास और भरत मिलाप



**जमुना-कोतमा, नवभारत 26 मार्च।** रामनवमी के पावन अवसर पर पसान में आयोजित 10 दिवसीय भव्य श्रीराम कथा एवं शतचंडी महायज्ञ के सातवें दिन कथा पंडाल में आस्था का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। अंतरराष्ट्रीय कथा प्रवक्ता राजीव लोचन शास्त्री ने भगवान श्रीराम के जीवन से जुड़े अत्यंत मार्मिक प्रसंग राम वनवास और भरत मिलाप का भावपूर्ण वर्णन किया, जिसे सुनकर हजारों श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने श्रीराम के वनवास प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम ने पिता के वचन की रक्षा और धर्म की मर्यादा बनाए रखने के लिए राजपाट का त्याग कर वनवास स्वीकार किया। यह प्रसंग त्याग, मर्यादा और कर्तव्यनिष्ठा का अनुपम उदाहरण है। कथा के दौरान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का संदेश भी दिया गया। इसके पश्चात भरत मिलाप के भावुक प्रसंग का वर्णन हुआ। जब भरत अपने बड़े भाई श्रीराम से मिलने वन पहुंचे और उनका चरणस्पर्श कर अयोध्या लौटने का आग्रह किया, तो उस दृश्य का वर्णन सुनकर कथा पंडाल में बैठे श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। भरत का अपने भाई के प्रति प्रेम, समर्पण और त्याग का भाव सभी को भावविभोर कर गया। कथा स्थल पर बार-बार 'जय श्रीराम' के जयघोष गूंजते रहे और पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम के अंत में वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा मनमोहक भक्ति नृत्य की प्रस्तुति दी गई, जिसने उपस्थित श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कलाकारों की प्रस्तुति कार्यक्रम का विशेष आकर्षण रही और श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका उत्साहवर्धन किया। इस भव्य धार्मिक आयोजन के सफल संचालन में आयोजक आशीष मिश्रा की अहम भूमिका रही। उनके मार्गदर्शन और सहयोग से पूरे आयोजन की व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित ढंग से संचालित हो रही हैं।

### श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ ले रहे

कथा स्थल पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष, युवा और बुजुर्ग श्रद्धालु पहुंचकर श्रद्धा-भाव से कथा का श्रवण कर रहे हैं। पसान में चल रहा यह आयोजन पूरे क्षेत्र में धार्मिक आस्था, भक्ति और सांस्कृतिक एकता का संदेश दे रहा है, जिससे वातावरण पूर्णत: भक्तिमय बना हुआ है।

# 28 को रेलवे स्टेशन पर सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब का आगमन

**अनूपपुर, नवभारत।** नगर के संगतजनों और श्रद्धालुओं के लिए 28 मार्च का दिन अत्यंत खास और सौभाग्यपूर्ण रहने वाला है। कटनी हरे माधव दरबार के गद्दीनशीन सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब की परमार्थ एवं रूहानी यात्रा के दौरान अनूपपुर में उनके पावन दर्शन का अवसर प्राप्त होगा। जानकारी के अनुसार शनिवार 28 मार्च को सुबह 8.55 बजे संपर्कक्रांति एक्सप्रेस के अनूपपुर रेलवे स्टेशन पहुंचने पर सतगुरु बाबा ईश्वर शाह साहिब जी श्रद्धालुओं को दर्शन देंगे। इस आयोजन को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के स्टेशन पहुंचने की संभावना है।

आयोजकों ने सभी संगतजनों, श्रद्धालुओं एवं प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर सतगुरु के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें।



बताया गया है कि यह यात्रा मानव कल्याण, प्रेम, सेवा और भाईचारे का संदेश लेकर की जा रही है। स्थानीय संगत द्वारा स्वागत की तैयारियां भी जोर-शोर से शुरू कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं का विश्वास है कि सतगुरु के पावन दर्शन से जीवन में सकारात्मक ऊर्जा और आध्यात्मिक शक्ति का संचार होता है। इस अवसर को लेकर पूरे शहर में भक्तिमय और धार्मिक वातावरण बना हुआ है।